तापमान
अधिकतम 41.4 डिग्री
न्यूनतम 26.2 डिग्री


हरिभूमि

# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, सोमवार 18 मई 2026



10 जनगणना के कार्य में लगे प्रगणक अपना कार्य पूरा करते ही पोर्टल पर करें डाटा अपलोड





12 कैथल में बसपा विधानसभा समीक्षा की बैठक, संगठन किया मजबूत





## सीबीएसई 12वीं के परीक्षा परिणामों में आरपीएस के होनहारों ने फिर छुआ सफलता का शिखर

-10वीं में आरपीएस के 64 विद्यार्थियों ने 99 से अधिक अंक प्राप्त कर सर्वश्रेष्ठता की पताका लहराई

-जेईई मेन में 54 विद्यार्थियों ने 99 परसेंटाइल से अधिक अंक प्राप्त कर बिखेरी प्रतिभा की चमक


-आरपीएस की स्वाति 99.6, ईप्सा डागा 99.2, अक्षिता धीमान 99, वनीषा जैन 98.8 प्रतिशत अंकों के साथ 12वीं के परिणाम में इंडिया के टॉप रैंकर्स में शामिल -जेईई एडवांस्ड के लिए आरपीएस के 633 में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया

**महेंद्रगढ़** शिक्षा के क्षेत्र में अपनी सर्वोच्चता और गुणवत्तापूर्ण अध्यापन के लिए विख्यात आरपीएस ग्रुप ऑफ स्कूल्स ने एक बार फिर नया इतिहास रच दिया है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 के परीक्षा परिणामों में संस्थान के विद्यार्थियों ने सीबीएसई 12वीं, 10वीं और जेईई मेन जैसी चुनौतीपूर्ण परीक्षाओं में प्रदेश व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। इस वर्ष सीबीएसई के 12वीं के परीक्षा परिणाम में साइंस ( मेडिकल व नॉन मेडिकल), कॉमर्स एवं ह्यूमैनिटीज संकाय में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अंकों का शिकार शिखर छुकर आरपीएस का नाम देश में रोशन किया।आरपीएस के सीईओ इंजी. मनिष राव ने बताया कि छात्रा स्वाति सिंह ने 12वीं में 99.6 प्रतिशत के साथ प्रथम स्थान, छात्रा इप्सा डागा ने 99.2 प्रतिशत अंकों लेकर द्वितीय जबकि वनीषा जैन ने 98.8 प्रतिशत का बेहतरीन स्कोर प्राप्त किया। वहीं छात्रा अक्षिता धीमान ने 99 प्रतिशत अंक हासिल कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। संस्थान के 22 प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 98 प्रतिशत से अधिक और रिकॉर्ड 153 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल कर अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता को साबित किया है। इसके अलावा, स्कूल के कुल 458 विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक हासिल कर परफेक्ट स्कोर का शिखर छुआ, जो स्कूल के शानदार मार्गदर्शन और बच्चों की कड़ी मेहनत को दर्शाता है।

**- आरपीएस सीबीएसई 10वीं के परीक्षा परिणामों में भी बना सिरमोर**

10 वीं कक्षा में भी प्रथम तीन स्थानों पर आरपीएस के विद्यार्थियों का पूरी तरह कब्जा रहा। समूह में प्रथम स्थान पर दिव्या यादव, अदित्री, अवनी यादव, रिद्धिमा यादव और आदित्य वशिष्ठ ने 99.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान पाया। समूह में द्वितीय स्थान पर ओनवी, संस्कार सिंगला, हेमांश गोला और देवीक मुदगिल ने 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान पर समर तोमर, दिव्यांश, अविनव, आरोही वैश, वृष्टि, नैतिक गौचर, तनव जैन, अमूल्य बागोतिया और तिक्षा राज यादव ने 99.2 प्रतिशत अंकों के साथ अपनी चमक बिखेरी। विद्यालय की अन्य उपलब्धियों में 64 विद्यार्थियों का 99 प्रतिशत से अधिक व 757 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर पूरे भारत में अपनी प्रतिभा का जलवा बिखेरा वहीं आरपीएस के 493 विद्यार्थियों का विभिन्न विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त करना एक बड़ी उपलब्धि है।

**-आरपीएस का जेईई एडवांस के लिए क्वालीफाई का सक्सेस रेट 72 प्रतिशत**




जेईई मेन में आरपीएस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जेईई एडवांस के लिए 72 प्रतिशत सक्सेस रेट से क्वालिफाई करवाकर अपना दबदबा बरकरार रखा। आरपीएस समूह के 633 विद्यार्थियों में से 456 विद्यार्थियों ने 72 प्रतिशत की सक्सेस रेट से क्वालीफाई किया। जेईई मेन 2026 में मयंक कुमार 99.957 व भव्य सतिजा ने 99.95 परसेंटाइल हासिल कर संस्थान का मान बढ़ाया। इनके साथ सुमित यादव 99.92, आर्यन श्योराण 99.89 और विनीत कुमार 99.88 परसेंटाइल के साथ टॉप पांच में जगह बनाई।

आरपीएस समूह की चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत और अनुशासन से आज यह सिद्ध कर दिया है कि संकल्प यदि दृढ़ हो तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। विशेषकर 12वीं कक्षा में बेटियों का यह ऐतिहासिक प्रदर्शन नारी सशक्तिकरण की एक जीती-जागती मिसाल है। आरपीएस परिवार प्रत्येक विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य और उनके सपनों को नई उड़ान देने के लिए हमेशा प्रतिबद्ध रहेगा ग्रुप के सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आरपीएस ग्रुप केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं, बल्कि भविष्य के सफल नेतृत्वकर्ताओं को तैयार करने की एक प्रयोगशाला है। हमारे विद्यार्थियों ने न केवल किताबी ज्ञान, बल्कि प्रतियोगी परीक्षाओं में भी अपनी तार्किक क्षमता का उत्कृष्ट परिचय दिया है। 12वीं, 10 वीं और जेईई के यह परिणाम हमारी आधुनिक शिक्षण पद्धतियों और शिक्षकों के अथक प्रयासों का ही मधुर फल हैं ग्रुप के डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण उपलब्धि विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों के आपसी सहयोग और अटूट विश्वास का परिणाम है। 12वीं कक्षा के परिणामों ने जिस प्रकार से शैक्षणिक मानकों को नया शिखर दिया है, वह आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। आरपीएस समूह निरंतर नवाचार और तकनीक के साथ शिक्षा के स्तर को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने का प्रयास करता रहेगा। (ADVT.)


## खबर संक्षेप

### चोरी कर दी जान से मारने की धमकी

**कैथल।** कलायत में एक बुजुर्ग ने अपने पड़ोसी पर घर में चोरी करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। शिकायत के आधार पर कलायत थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई शिकायत में वार्ड नंबर-13 कलायत निवासी रामपाल ने बताया कि 24 अप्रैल 2026 को उसके पड़ोसी बलजीत ने घर की खिड़की तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। आरोपी पर गैस से भरा सिलेंडर, करीब 50 किलो गेहूं और पीतल-तांबे के बर्तन चोरी कर ले गया था। जब उसने आरोपी से इस बारे में पूछताछ की तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

### रुपये मांगे तो घर मे घुस किया हमला, सात नामजद

**जींद।** गांव रधाना में रुपयों को टोका तो आरोपित ने परिजनों के साथ मिल घर में घुस हमला कर दिया। जिसमें पीड़ित समेत उसके परिवार को चोटें आई। सदर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर सात लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव रधाना निवासी प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका गांव के ही राहुल से रुपयों को लेकर लेनदेन था। वह लड़के को लेकर मंदिर में जा रहा था। रास्ते में उसने राहुल को रुपयों को लेकर टोका। जिसको लेकर कहासुनी हो गई। उसे सूचना मिली कि कुछ लोग उसके घर में उसके पिता के साथ झगड़ा कर रहे हैं।

### बाइक की टक्कर से चार साल के बच्चे की मौत

**कैथल।** गुहला के पास तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से चार साल के बच्चे की मौत हो गई। हादसे के बाद आरोपी बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायल बच्चे को पहले गुहला के सरकारी अस्पताल और बाद में पटियाला रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान नैतिक (4) के रूप में हुई है। उसकी मां रानी देवी ने गुहला थाना में शिकायत दी है। पुलिस ने आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में वार्ड नंबर-11 गुहला हाल अजराना कलां निवासी रानी देवी ने बताया कि उसके पति की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। शनिवार दोपहर वह अपने देवर अनिल कुमार और बेटे नैतिक के साथ बाइक से मायके गुहला आ रही थी।

## मिली राहत: गांव को दी जाएगी 16 घंटे बिजली आपूर्ति

# खुराना के ग्रामीणों की एकजुटता के सामने झुका जिला प्रशासन

*अब घरों के बाहर लगेंगे बिजली के मीटर, गांव के बिजली घर को ताला लगाकर 16 घंटे बिजली आपूर्ती की मांग पर अड़े थे गांववासी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गांव खुराना के ग्रामीणों की एकजुटता के सामने आखिरकार जिला प्रशासन को भी झुकना पडा। ग्रामीणों के लगातार दो दिन तक बिजली बोर्ड की तालांबदी और धरने को लेकर जिला प्रशासन को ग्रामीणों की मांग माननी पडी। समझौते के अनुसार अब जिला प्रशासन गांव को 16 घंटे बिजली आपूर्ति देगा। बता दें कि ग्रामीणों ने गांव में बिजली कटों से परेशान होकर शनिवार को गांव के बिजली कार्यालय का तालाबंदी कर वहां पर धरना व प्रदर्शन शुरू कर दिया था। ग्रामीणों के धरने पर समझाने के लिए एसडीएम संजय और पुलिस अधिकारी भी गए थे लेकिन ग्रामीण 16 घंटे की बिजली आपूर्ति देने की मांग पर अडे थे। ऐसे में अधिकारी बैरंग लौट आए थे। अधिकारियों को उम्मीद थी कि शायद ग्रामीण शनिवार सायं को अपना धरना समाप्त कर देंगे लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। ग्रामीणों ने बिजली निगम कार्यालय के निकट ही अपने तंबू गाड लिए तथा वहां पर खाना पीना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने शनिवार रात को तंबू में ही डेरा डाला तथा वहां पर खाना पीना किया। ग्रामीण महिलाओं के उग्र तेवरों और एकजुटता को देखते हुए जिला प्रशासन तथा ग्रामीणों के बीच कईं बैठकों का दौरा जारी रहा। आखिरकार रविवार को दोपहर हुई वार्ता सकारात्मक रही तथा जिला प्रशासन व ग्रामीणों के बीच समझौता हो गया। इसके तहत अब गांव खुराना में अब बिजली के मीटर घरों के बाहर लगाए जाएंगे। साथ ही गांव वासी बिजली चोरी रोकने में सहयोग भी करेंगे। वहीं बिजली निगम गांव में अब 16 घंटे बिजली आपूर्ति करेगा। यह सहमति गांव वासियों व प्रशासन के बीच हुई कई दौर की बैठकों के बाद बनीं है। प्रशासन की ओर से डीसी अपराजिता ने एसडीएम संजय सिंह की ड्यूटी लगाई थी।





**कैथल।** एसडीएम संजय सिंह ग्रामीणों से बातचीत करते हुए, ग्रामीणों द्वारा शनिवार रात को लगाए गए तंबू।

### क्या कहते हैं ग्रामीण

गांववासी राधाकृष्ण शर्मा व रमेश मलिक ने कहा कि गांव में प्रशासन ने 16 घंटे बिजली आपूर्ती की मांग पूरी कर दी है। गांव बिजली के मीटर बाहर दीवारों पर लगवाएगा। पूरा गांव जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करता है कि गांव वासियों की सभी मांगों को पूरा कर दिया है और गांव ने भी प्रशासन की बात मान ली है।

### ग्रामीण घर के बाहर मीटर लगवाने को हुए राजी

कैथल के एसडीएम संजय सिंह ने बताया कि गांव खुराना में लोग बिजली के 16 घंटे आपूर्ती की मांग कर रहे थे। उनका धरना चल रहा था। गांव वासियों के साथ कई दौर की बातचीत हुई। जिसमें इस बात पर सहमति बनी है कि गांव में अब बिजली के नए मीटर बाहर लगाए जाएंगे। गांव वासी बिजली के मीटर बाहर लगवाए जाने पर सहमत हो गए हैं। अब गांव में 16 घंटे बिजली आपूर्ती दी जाएगी। साथ ही गांव के प्रमुख लोगों ने बिजली चोरी रोकने में मदद का भी आश्वासन दिया है।

### शेड्यूल अनुसार होगी बिजली आपूर्ती

बिजली निगम के अधीक्षक अभियंता सोमबीर का कहना है कि गांव वासियों ने बिजली के मीटर बाहर लगवाए जाने पर सहमति दे दी है। अब गांव में शेड्यूल अनुसार बिजली आपूर्ती दी जाएगी। इस बात पर भी सहमति हुई है कि जिन घरों में बिजली कनेकशन नहीं हैं, गांव वासी उन घरों में नए कनेकशन लेंगे, बिजली के पुराने बकाया बिल भरे जाएंगे। कोई बिजली चोरी करते हुए पाया जाता है तो बिजली चोरी रोकने में पंचायत सहयोग करेगी।

## 30 जून तक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर ब्याज में मिलेगी शत प्रतिशत छूट

- जींद शहर में नगर परिषद का 15 करोड़ रुपये से ज्यादा प्रॉपर्टी टैक्स बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्रदेश सरकार ने 30 जून तक बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने पर ब्याज में शत प्रतिशत छूट देने का पत्र जारी किया है। जींद शहर में नगर परिषद का 15 करोड़ रुपये से ज्यादा प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। फिलहाल नगर परिषद कार्यालय में प्रापर्टी टैक्स जमा करने के लिए दो खिड़की हैं। अगर टैक्स जमा करवाने वालों की संख्या बढ़ती हैए तो उसके हिसाब से खिड़कियां बढ़ाई जाएंगी। जींद शहर में करीब 80 हजार प्रापर्टी हैं। लोग प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने में कम रुचि ले रहे हैं। पिछले साल नगर परिषद ने एजेंसी को ठेका देकर प्रॉपर्टी टैक्स के बिल बंटवाए थे। इसके बावजूद पूरे वित्त वर्ष में केवल ढाई करोड़ रुपये का ही प्रॉपर्टी टैक्स जमा हो पाया था। जबकि नगर परिषद ने साढ़े छह करोड़ रुपये प्रॉपर्टी टैक्स जमा करने का लक्ष्य निर्धारित किया था। ब्याज में छूट आने से नगर परिषद अधिकारियों को प्रापर्टी टैक्स की रिकवरी में तेजी आने की उम्मीद है। इस योजना का ज्यादा से ज्यादा लोग फायदा उठाएं, इसके लिए नगर परिषद डोर टू डोर कूड़ा लेने जाने वाली गाड़ियों पर लाउड स्पीकर से प्रचार करवाएगी। पार्षदों के माध्यम से भी लोगों से अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

नगर परिषद सचिव सुमित दहिया ने बताया कि अब तक जो भी प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। शहरवासी उसे ब्याज माफी के साथ 30 जून तक जमा करवा सकते हैं। सभी प्रॉपर्टी धारकों को सरकार की इस ब्याज माफी योजना का लाभ उठाना चाहिए। 30 जून के बाद ब्याज सहित टैक्स जमा करवाना होगा।

### युवक पर कार में बैठाकर चाकू से किया हमला

**कैथल।** सीवन के गांव भूना में दौड़ लगाने गए एक युवक पर कार में बैठाकर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। घायल युवक को गंभीर हालत में पटियाला के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उपचार के बाद छुट्टी मिलने पर उसने पुलिस को शिकायत दी। सीवन थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव भूना निवासी 26 वर्षीय धीरज ने बताया कि वह खेतीबाड़ी के साथ सरकारी नौकरी की तैयारी करता है और रोजाना शाम को खरौदी रोड पर दौड़ लगाने जाता है। 13 मई की शाम करीब साढ़े 7 बजे वह नहर पुल के पास पहुंचा तो गांव का ही भरत राणा अपनी काली डस्टर गाड़ी में वहां आया और जरूरी बात कहकर उसे गाड़ी में बैठा लिया। बातचीत के दौरान आरोपी ने अचानक चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। आरोपी ने उसके कान, गाल, गर्दन, छाती, कंधे और दोनों हाथों पर लगातार कई वार किए। बचाव के लिए उसने गाड़ी की खिड़की खोलकर शोर मचाया।

## विदेश में रह रहा जानकार बन आढ़ती को लगाया साढ़े चार लाख का चूना

- आढ़ती के फोन पर भेजा साढ़े नौ लाख रुपये खाते में भेजने का मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

विदेश में रहा जानकार बन कर आढ़ती को साढ़े चार लाख रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने आढ़ती कर शिकायत पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मेला मंडी नरवाना निवासी जयकुमार जैन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मौसी का लड़का लुधियाना में रहता है। जिसका पौता कनाडा गया हुआ है। गत आठ मई को उसके फोन पर कॉल आई। जिसने कहा कि वह विदेश से रमेश का लड़का बोल रहा हूं। जिसके बाद उसके खाते का लिंक मांगा। कुछ समय के बाद उसके मोबाइल पर नौ लाख 85 हजार रुपये भेजने का संदेश आया। जिसके एक घंटे बाद उसके फोन पर कॉल आई और खुद को मुंबई बैंक कर्मी बता कर विदेश से नौ लाख 85 हजार रुपये आने की बात कही। राशि 24 घंटे मे उसके खाते में ट्रांसफर होने की बात कही। जिसके बाद फिर से कॉल आई और कहा कि अंकल मेरे दोस्त की पत्नी बीमार है। उसका आप्रेशन होना है। उसको चार लाख 75 हजार रुपये भेज दो। जिसके बाद उसने व्हाट्सअप पर खाली चैक की फोटो भेज दी। उसने दिए गए खाते में साढ़े तीन लाख रुपये भेज दिए। फिर रुपये की डिमांड की गई। गत आठ मई को उसने एक लाख रुपये और भेज दिए। जिस पर फिर बैंक कर्मी बन कर एक लाख पांच हजार रुपये टैक्स भरने के लिए कहा।

## गंदे पानी की निकासी के कैबिनेट मंत्री ने बीडीपीओ को दिए आदेश



**नरवाना।** पानी निकासी को लेकर धरना देते हुए ग्रामीण।

**नरवाना।** कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने बीडीपीओ उचाना को 20 मई तक गांव बड़नपुर में चली आ रही गंदे पानी की निकासी की समस्या का समाधान करने बारे तुरंत प्रभाव से दिए। पानी निकासी कमेटी नरेश शर्मा महामंत्री के नेतृत्व में रविवार सुबह कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी के आवास पर मिली व समस्या की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। पूर्व सरपंच डा. जोगिन्द्र बड़नपुर ने बताया कि पिछले तीन महीने से सभी ग्रामवासी गंदे पानी की निकासी न होने के कारण काफी परेशान चल रहे हैं। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने उनकी समस्या समझी व अपने सहायक जवीन्द्र नैन को आदेश दिए कि यदि बीडीपीओ कोई आनाकानी करे या काम में लापरवाही बरते तो मुझे तुरंत सूचना दी जाए।

## जाट कॉलेज कैथल की छात्रा कविता का अंडर-20 एशियन गेम्स में चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



जाट कॉलेज कैथल की होनहार छात्रा एवं बीएससी स्पोर्ट्स द्वितीय वर्ष की खिलाड़ी कविता ने अपनी शानदार प्रतिभा और कड़ी मेहनत के दम पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जगह बनाकर जाट कॉलेज व हरियाणा का नाम रोशन किया है। कविता का 28 से 31 मई 2026 तक हांगकांग, चीन में आयोजित होने वाली 22वीं अंडर-20 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि से पूरे कॉलेज परिसर में खुशी और गर्व का माहौल है। प्राचार्य डॉ दिनेश ढिल्लों ने जानकारी देते हुए बताया कि कविता ने 24 से 26 अप्रैल 2026 तक कर्नाटक में आयोजित 24वीं नेशनल जूनियर एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में भाग लिया था। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों को एशियन चैंपियनशिप के लिए निर्धारित क्वालिफिकेशन मानक को पूरा करना था। अंडर-20 एशियन एथलेटिक्स में महिलाओं की 400 मीटर दौड़ के लिए क्वालिफिकेशन समय 55.99 सेकंड निर्धारित किया गया है लेकिन जाट कॉलेज की प्रतिभाशाली खिलाड़ी कविता ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 400 मीटर दौड़ मात्र 55.08 सेकंड में पूरी कर क्वालिफिकेशन मार्क को पार कर लिया और एशियन चैंपियनशिप में अपनी जगह पक्की कर ली। कविता की इस शानदार उपलब्धि ने यह साबित कर दिया कि मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के बल पर कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। प्राचार्य ने कहा कि यह उपलब्धि कॉलेज के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होगी।

## पहले की मारपीट, फिर सीने से गन सटाकर दी गोली मारने की धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

पंचायती जमीन बोली पर लेने से खफा कुछ लोगों ने खेत जा रहे किसान के साथ मारपीट की और छाती पर गन रख कर गोली मारने की धमकी दी। सदर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर तीन लोगों को नामजद कर कुछ अन्य के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। गांव बरसोला निवासी जगमेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 14 मई को उसने आठ एकड़ पंचायती जमीन एक साल के लिए ठेके पर ली है। इससे पूर्व गांव के ही सुखबीर ने जमीन को बोली पर लिया था। जिससे सुखबीर खफा था। गत दिवस वह ट्रैक्टर से ठेके पर ली गई जमीन की जुताई करने जा रहा था। रास्ते में दो बाइकों पर सवार होकर आए सुखबीर, जयदीप, कालू तथा तीन अन्य ने उसे रोक लिया। आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की और गिरा कर उसकी छाती पर गन स्टा कर गोली मारने की धमकी दी। आरोपितों ने उसे बोली छोडऩे के लिए कहा और दोबारा पंचायती खेत में दिखाई देने पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी। मारपीट के कारण उसे काफी चोटें आई। सदर थाना पुलिस ने जगमहेंद्र की शिकायत पर आरोपित जयदीप, सुखबीर, कालू को नामजद कर तीन अन्य के खिलाफ शस्त्र अधिनियम, मारपीट करने समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## 23 किलोमीटर की रफ्तार से चली गरम हवाएं, हीट वेव ने बढ़ाई लोगों की परेशानी

# मौसम का मिजाज गर्म, तापमान पहुंचा 41 डिग्री

- हीट वेव को देखते हुए स्वास्थ्य विभगा ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

मौसम का मिजाज लगातार गर्म होता जा रहा है। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिल रहा है। रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री पर जा पहुंचा जबकि न्यूनतम तापमान 20 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 23 प्रतिशत तथा हवा की गति 23 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के कोई आसार नही हैं। स्वास्थ्य विभाग ने बढ़ते तापमान को लेकर एडवाइजरी जारी की है। वहीं चिकित्सकों ने लोगों को सलाह दी है कि गर्मी को देखते हुए ज्यादा से ज्यादा पेय पदार्थों का प्रयोग करें। गर्मी में बाहर निकलने से परेहज करें। वहीं दोपहर बाद शाम को कुछ ठंडी हवाएं चली। सिविल सर्जन डॉ. सुमन कोहली ने बढ़ती गर्मी एवं हीट वेव के खतरे को देखते हुए जिला वासियों के लिए हीट एडवाइजरी जारी की है।



**जींद।** दोपहर के समय सुनसान नजर आ रहा गोहाना रोड।

### यह हैं हीट स्ट्रोक के लक्षण

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि हीट स्ट्रोक के प्रमुख लक्षणों में तेज बुखार, अत्यधिक पसीना आना या पसीना बंद हो जाना, चक्कर आना, सिर दर्द, उल्टी, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन तथा बेहोशी शामिल हैं।

### बाजार दोपहर में दिखे सुनसान

पिछले चार दिनों से तापमान में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। जिसका जनजीवन पर साफ असर देखने को मिल रहा है। दोपहर तक हालात यहां तक हो जाते हैं कि सड़कें तथा गलियां सुनसान नजर आने लगती हैं। बाजार में ग्राहक दिखाई नहीं दे रहे हैं।

### दिन चढ़ते ही शुरू हो रहा आग उगलने का सिलसिला

रविवार को दिन का आगाज तेज धूप के साथ हुआ। दिन चढने के साथ-साथ तापमान में भी बढ़ोत्तरी होनी शुरु हो गई। हवा भी गर्म होने के साथ-साथ उसकी गति भी तेज हो गई। दिनभर लोग गर्म हवा के थपेड़े सहते रहे।

### दोपहर के समय धूप में निकलने से बचें : सीएमओ

सीएमओ डॉ. सुमन कोहली ने कहा कि दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक अनावश्यक रूप से धूप में बाहर निकलने से बचें। यदि किसी जरूरी कार्य से बाहर जाना पड़े तो सिर को कपड़े, टोपी या छाते से ढककर रखें तथा हल्के रंग के सूती एवं ढीले कपड़े पहनें। शरीर में पानी की कमी न होने दें और दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहें, भले ही प्यास न लगे। इसके अलावा ओआरएस, नींबू पानी, छाछ, लस्सी, नारियल पानी एवं अन्य तरल पदार्थों का नियमित सेवन करें। खेतों, निर्माण स्थलों, फैक्ट्रियों तथा खुले स्थानों पर कार्य करने वाले मजदूरों और कर्मचारी समय-समय पर आराम करें। बंद वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को अकेला न छोड़ें। क्योंकि वाहन के अंदर का तापमान बहुत तेजी से बढ़ सकता है, जो जानलेवा साबित हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### बिजली मंत्री के आवास पर प्रदर्शन की तैयारियां पूरी

**जींद।** आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन ने कर्मचारियों की मांगों को लेकर पिछले एक महीने से ज्यादा बिजली मंत्री के आवास पर 20 मई की तैयारी व प्रदर्शन को लेकर समीक्षा की गई। अपनी मांगों को लागू करवाने को लेकर कर्मचारियों में भारी उत्साह है। कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने व अन्य मांगों को लागू करवाने को लेकर आल हरियाणा पावर कारपोरेशन वर्कर यूनियन की राज्य कमेटी की ऑनलाइन मीटिंग राज्य प्रधान सुरेश राठी की अध्यक्षता में संपन्न हुई तथा बिजली मंत्री आवास पर प्रदर्शन की समीक्षा। मीटिंग का संचालन महासचिव राजेंद्र राणा ने किया।

### अलग-अलग स्थानों से दो युवतियां लापता, केस दर्ज

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से दो युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। कैथल रोड निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी बेटी सुबह लाइब्रेरी के लिए निकली थी। जिसके बाद वह घर वापस नही लौटी। उधर, गांव मांडी निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी नगूरां से गायब हो गई।

### दो वर्ष से फरार चल रहा चोरी का आरोपित काबू

**जींद।** थाना सदर नरवाना पुलिस ने गांव गुरथली में हुई लाखों रुपये की चोरी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपित की पहचान गांव बाड़सी पत्ती निवासी मोहित के रूप में हुई है। गांव गुरथली निवासी स्मृति ने थाना सदर नरवाना में शिकायत दी थी कि चोर ने घर में घुस उसे व उसके पुत्र को कमरे में बंद कर दिया तथा घर से करीब 96 हजार रुपये नगदी, डेढ़ तोला सोने की चेन, आधा तोले सोने के झुमके तथा लगभग तीन तोले चांदी की चेन चोरी कर फरार हो गए। पुलिस ने स्मृति की शिकायत पर चोरी का मामला दर्ज किया था।

### बलबीर राठी की तीन पुस्तकों का लोकार्पण

**जींद।** जाट धर्मशाला में जनवादी लेखक संघए ज्ञान विज्ञान समिति एवं सुमन व राठी परिवार के संयुक्त आयोजन में पूर्व प्राचार्य बलबीर सिंह राठी की तीन पुस्तकों लहर, लहर आबशार व आहंगे गजल का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व पुस्तकालयाध्यक्ष एवं अधिवक्ता विजय शर्मा ने की। मंच का संचालन सोहनदास ने किया और स्वागत जलेस जींद के अध्यक्ष राममेहर सिंह खर्ब ने किया। इस अवसर पर अपूर्वा, अंकित, चमन और आदर्श ने गजलें गाई। समारोह में कुरुक्षेत्र से आए पूर्व प्रिंसिपल ओमप्रकाश करुणेश ने राठी की किताबों पर मुख्य समीक्षा प्रस्तुत की।

### तीसरी नि:शुल्क अरुणाय धाम बस यात्रा रवाना

**नरवाना।** अग्रवाल वैश्य समाज शाखा नरवाना के तत्वाधान में नरवाना शहर के प्रमुख समाजसेवी राजेश सिंगला प्रॉपर्टी एडवाइजर द्वारा हुड्डा मार्किट से तीसरी निशुल्क अरुणाय धाम बस यात्रा रवाना की गई। संस्था प्रधान अर्जुन गोयल ने बताया कि राजेश सिंगला समाज के गणमान्य व धार्मिक प्रवृति के व्यक्ति हैं। उन्होंने अपने स्वर्गीय पिता लाला किशोरी लाल सिंगला की स्मृति में इस बस यात्रा की शुरूआत की है।

### हुडा मार्केट में रक्तदान शिविर 20 को

**जींद।** डीआरडीए के सामने की हुडा मार्केट में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन जींद टेस्ट लैब पर किया जाएगा। रक्तदान शिविर के आयोजक और लैब संचालक सचिन शर्मा के अनुसार रक्तदान शिविर में 100 से ज्यादा यूनिट एकत्रित होने की उम्मीद है। सचिन शर्मा ने कहा कि रक्तदान शिविर को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## कार्यक्रम में अनुशासन, सेवा भावना और नेतृत्व क्षमता पर दिया जोर

# भाजपा में प्रशिक्षण से अनुशासित कार्यकर्ताओं का होता है निर्माण

### पार्टी ने हमेशा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य किया: बड़ौली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। प्रशिक्षण शिविर को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडौली।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नही बल्कि राष्ट्र सेवा और अंत्योदय की विचारधारा पर आधारित संगठन है। जिसने अपने कार्यकर्ताओं के समर्पण और अनुशासन के बल पर देशभर में मजबूत पहचान बनाई है। भाजपा का इतिहास संघर्ष, सेवा और राष्ट्रहित के संकल्प से जुड़ा हुआ है।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली रविवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान के तहत आयोजित भाजपा के दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने जनसंघ से लेकर भाजपा के वर्तमान स्वरूप तक की यात्रा पर चर्चा करते हुए कहा कि पार्टी ने हमेशा राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य किया है। डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जैसे महापुरुषों के विचार आज भी भाजपा की कार्यशैली का आधार हैं। भाजपा ने कार्यकर्ता आधारित संगठन के रूप में अपनी पहचान बनाई है और यही इसकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं के व्यक्तित्व निर्माण और संगठनात्मक विकास का मंच है। दो दिन तक सभी कार्यकर्ता एक साथ रहे, जिससे उनमें अनुशासन, टीम भावना और आपसी समन्वय विकसित हुआ। ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं में नेतृत्व क्षमता बढ़ाने के साथ.साथ संगठन के प्रति समर्पण की भावना को और मजबूत करते हैं। बड़ौली ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे सेवा, समर्पण और राष्ट्रहित की भावना के साथ समाज के बीच कार्य करें। संगठन को बूथ स्तर तक और अधिक मजबूत बनाना ही भाजपा की सबसे बड़ी प्राथमिकता है और इसके लिए प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष तिजेंद्र ढुल, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा, उचाना विधायक देवेंद्र अत्री, प्रभारी एडवोकेट विजयपाल, मदन लाल गोयल, जिला प्रभारी श्रवण गर्ग, कैप्टन योगेश, डा. राज सैनी, पूर्व विधायक कलीराम पटवारी, जिला मीडिया प्रभारी राकेश बैरागी सहित वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध

मंत्री कृष्ण बेदी ने प्रदेश सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि सरकार अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाएं और जरूरतमंद लोगों को उनका लाभ दिलाने में सहयोग करें। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने वैश्विक परिदृश्य और भारत की बढ़ती भूमिका पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज विश्व स्तर पर नई पहचान बना रहा है और भाजपा कार्यकर्ताओं को राष्ट्रहित की इस सोच को समाज के बीच लेकर जाना चाहिए। प्रशिक्षण वर्ग में मनीष यादव ने मन की बात एवं बूथ प्रबंधन विषय पर चर्चा करते हुए बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। प्रवीन जैन ने चुनाव प्रबंधन विषय पर कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। अरूण यादव ने मीडिया और आईटी मीडिया की भूमिका पर अपने विचार रखे।

■ सुभाष बराला ने वैश्विक परिदृश्य और भारत की बढ़ती भूमिका पर विचार रखे

## करसोला में महंत बाबा बंसीगिरी 41 दिन की पंचधुना तपस्या पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



गांव करसोला स्थित प्राचीन एवं ऐतिहासिक डेरे बाबा माडूनाथ में रविवार से महंत बाबा बंसी गिरी महाराज 41 दिन की कठिन पंचधुना तपस्या पर विराजमान हो गए हैं। तपस्या के शुभारंभ अवसर पर श्रद्धालुओं और भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ी तथा पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय बना रहा। रोटा भक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि महंत बाबा बंसीगिरी हर वर्ष लोककल्याण, क्षेत्र की सुख व समृद्धि एवं मानव मात्र के कल्याण की भावना से पंचधुना तपस्या करते हैं। यह तपस्या लगातार 41 दिनों तक चलेगी। जिसमें प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक महंत अग्नि धुनों के मध्य बैठ कर प्रभु भजन, साधना एवं तप करेंगे। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु बाबा की परिक्रमा कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। महंत बाबा बंसीगिरी जी को तपस्या स्थल पर विराजमान करवाने हेतु उनके गुरु महंत कौशल गिरी विशेष रूप से पहुंचे।

## होनहार विद्यार्थियों को कार्यक्रम आयोजित कर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



शिव गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल छात्तर में विद्यार्थियों और उनके अभिभावकों के सम्मान में सफलता-ए-जश्न समारोह का आयोजन किया। संचालन अंग्रेजी विभाग नरेश द्वारा किया। समारोह का शुभारंभ प्राचार्या राज रेढु के नेतृत्व में हवन से हुआ। 10वीं कक्षा में प्रियांशी ने 495 अंक प्राप्त कर प्रदेश में 5वां, जिले में तीसरा स्थान हासिल किया। 95 प्रतिशत एवं उससे ऊपर 10 विद्यार्थी, 90 प्रतिशत एवं उससे ऊपर 22 विद्यार्थी रहे। 35 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। कक्षा 12 मेडिकल में स्नेहा और मानसा ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। 52 विद्यार्थियों ने मेरिट हासिल की। निर्देशक शेखर अग्रवाल के मार्गदर्शन में शिव गुरुकुलम ईडब्ल्यूएस श्रेणी के मेधावी विद्यार्थियों को कक्षा 12 तक निःशुल्क शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा प्रतिष्ठित संस्थानों की कोचिंग में सहयोग देता है। प्रबंधक मनोज का पूर्ण समर्पण और आचार्य रामदेव द्वारा दी जाने वाली नैतिक शिक्षा इस सफलता की आधारशिला हैं।



### स्वच्छता रखना सभी की जिम्मेदारी : सेव

**जींद।** सामाजिक संस्था सोसाइटी फोर एडवांसमेंट ऑफ विलेज एंड अर्बन इंवायरमेंट सेव ने रविवार सुबह महात्मा गांधी पार्क में श्रमदान किया। संस्था के प्रधान नरेंद्र नाडा की अध्यक्षता में चलाया गया यह 465वां अभियान था। संस्था सदस्यों ने पार्क में पड़े हुए पॉलिथीन व अन्य कूड़े को उठाते हुए यह संदेश देने का प्रयास किया कि स्वच्छता हर किसी की जिम्मेदारी है। हम सभी ने इस जिम्मेदारी को निभाना चाहिए। यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालें। रोड पर बाहर खुले में किसी भी प्रकार का कूड़ा कचरा नही फैंके। इसलिए सभी ने हर समय स्वच्छता का ध्यान रख कर अपने जिम्मेदारी का परिचय देना चाहिए। इसीलिए सभी लोग डस्टबिन का प्रयोग करें और डस्टबिन नगर परिषद द्वारा निर्धारित जगह पर डालें या नगर परिषद की गाड़ी को दें। हर आदमी स्वच्छता में अपना योगदान दें, तभी स्वच्छता संभव है। स्वच्छता पर्यावरण का मुख्य हिस्सा है। जब हम हर प्रकार का कूड़ा डस्टबिन में डालेंगे तो स्वच्छता रहेगी और हमारा पर्यावरण भी शुद्ध रहेगाए हमारे समाज में बीमारियां कम होगी और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य उज्जवल होगा। इस मौके पर बलबीर, अजमेर सिंह चौहान, रोहताश गुप्ता, डा. राजेंद्र सिंह, बलवीर श्योकंद, सुजान सिंह पूनिया, बलजीत सिंह रेढू, अजीत सिंह, विनय सैनी, मनोज आदि साथी मौजूद रहे।

## संतमत धारा सेवा समिति ने लगाया नि:शुल्क फिजियोथेरेपी चिकित्सा शिविर

जींद


जींद। शिविर में फिजियोथैरेपी करवाते हुए श्रद्धालु।

संतमत धारा सेवा समिति द्वारा प्रभा आत्म बोध कुटिया रोहतक रोड बाई पास पर डा. शंकर लाल व उनकी टीम द्वारा फिजियोथैरेपी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों का निशुल्क उपचार किया गया। कैंप में सर्वाइकल, कमर दर्द, घुटना दर्द, पैर दर्द तथा रीढ़ की हड्डी से संबंधित रोगों का उपचार किया गया। समिति ने शंकर लाल कालरा व उनकी टीम का आभार प्रकट किया तथा उनसे इसी प्रकार सहयोग करने का अनुरोध किया। इस अवसर पर समिति के प्रधान सेवादार सूर्यदास ने कहा कि समय-समय पर इस तरह के स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाते हैं ताकि आमजन को लाभ हो सके। इस मौके पर मास्टर रमेश चंद, सुखदेव सिंह, राम अवतार, सत्यवान रोहिला, कर्मचंद, नितिन, मोनू, मनोज व महिला सेवदारों में ललिता वर्मा, नीलम देवी, सरिता, राजबाला, अंजु देवी, कमलेश देवी, भतेरी देवी, चंचल देवी आदि मौजूद रहे।

**जिम्मेदारी** कोई कर्मी लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी

# जनगणना के कार्य में लगे प्रगणक अपना कार्य पूरा करते ही पोर्टल पर करें डाटा अपलोड : डीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी मोहम्मद इमरान रजा। फोटो : हरिभूमि

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि जनगणना 2027 का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्य है। इस कार्य में लगे सभी प्रगणक एवं संबंधित अधिकारी पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रगणक अपने क्षेत्र का कार्य पूर्ण होते ही संबंधित डाटा को तुरंत पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें ताकि सही प्रगति का पता चल सके। जिला में रखे तय समय से पहले सभी कार्य पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। जनगणना के कार्य में अगर कोई कर्मी लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस अवसर पर एसडीएम सत्यवान सिंह मान, डीआरओ राजकुमार, डीईओ रितु पंघाल तथा सभी चार्ज अधिकारी उपस्थित रहे। डीसी रविवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में जनगणना 2027 के कार्यों की समीक्षा बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के अधिकारियों से जनगणना 2027 की तैयारियों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में जनगणना से संबंधित प्रगणकों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य के दौरान पारदर्शिता एवं सटीकता बनाए रखना प्राथमिकता होनी चाहिए। जिला में जनगणना से संबंधित लगभग 70 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है और शेष कार्य भी जल्द पूरा किया जाए। डीसी ने स्पष्ट किया कि जनगणना के दौरान प्रगणकों द्वारा किसी भी नागरिक से ओटीपी, बैंक संबंधी जानकारी या किसी प्रकार के दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। उन्होंने लोगों से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक जानकारी पर विश्वास न करें। उन्होंने बताया कि इस चरण में प्रत्येक घर से मकान की स्थिति, परिवार की मूल जानकारी, उपलब्ध मूलभूत सुविधाएं तथा अन्य आवश्यक विवरण मोबाइल एप के माध्यम से ऑनलाइन दर्ज किए जा रहे हैं। एकत्रित जानकारी पहले सुपरवाइजर के पास जाएगी। जहां उसका सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद चार्ज ऑफिसर द्वारा भी डाटा की जांच की जाएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि कार्य को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरी पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि जनगणना के दौरान एकत्रित किए जाने वाले सभी आंकड़े पूर्णतः गोपनीय रखे जाएंगे और उनका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं एवं जन कल्याणकारी नीतियों के निर्माण में किया जाएगा।

### फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए

डीसी ने कहा कि जनगणना के दौरान एकत्रित आंकड़े भविष्य की योजनाओं एवं नीतियों के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इसलिए प्रत्येक अधिकारी एवं कर्मचारी यह सुनिश्चित करे कि कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण गुणवत्ता के साथ किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए तथा प्रगणकों को आवश्यक तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाई जाए।

## खबर संक्षेप



### भाविप ने ब्लड ग्रुप जांच कैंप और स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

**नरवाना।** भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा रविवार को आदर्श बाल मंदिर स्कूल में एक ब्लड ग्रुप जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पांचवीं कक्षा से लेकर दसवीं कक्षा तक के लगभग 325 विद्यार्थियों के ब्लड टेस्ट किए गए तथा उनका ब्लड ग्रुप जांच कर परिषद परिवार की ओर से ब्लड ग्रुप कार्ड बना कर प्रदान किए गए। इसके साथ-साथ विद्यालय के स्टाफ सदस्यों के भी ब्लड टेस्ट कर उनके ब्लड ग्रुप कार्ड वितरित किए गए। इस सेवा कार्य में परिषद परिवार के संरक्षक सतीश सेतिया एवं सदस्यों ने सक्रिय रूप से अपनी सेवाएं दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने परिषद परिवार द्वारा किए गए इस सामाजिक एवं जनहितकारी कार्य की प्रशंसा की।

### खाप ने योगिता काकड़ोद को किया सम्मानित



**उचाना।** सर्व जातीय दाडन खाप चबूतरा पालवां द्वारा 12वीं कक्षा में प्रदेश में कला संकाय में तीसरे स्थान पर रही योगिता पुत्री बलवान श्योकंद काकड़ोद को सम्मानित किया। प्रधान रणधीर श्योकंद ने बताया कि बेटी योगिता काकड़ोद ने बांगर, खाप का नाम पूरे प्रदेश में रोशन करने का काम किया है। खाप द्वारा सर्वसम्मति से फैसला खाप की मीटिंग में लिया था कि जो भी खाप का बेटा, बेटी प्रदेश में स्थान प्राप्त करेगा उसको खाप द्वारा सम्मानित किया जाएगा। बेटी आज किसी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं है।

### आर्य शहर समाज में साप्ताहिक वैदिक सत्संग आयोजित यज्ञ संपन्न

**जींद।** आर्य शहर समाज में साप्ताहिक वैदिक सत्संग में हवन यज्ञ संपन्न पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री ने कराया । मुख्य यजमान राजेंद्र सिंह आर्य, सुदेश आर्या, डा. रणबीर राठी आर्य, उर्मिला आर्या, विनीता आर्या, वीना आर्या रहे। पंडित सुरेश चंद्र शास्त्री ने वेद के मंत्रों से विधि विधान से हवन यज्ञ संपन्न कराया। आर्य शहर समाज जींद के प्रवक्ता डा. रणबीर राठी आर्य ने बताया कि आज हमारे देश में इतना पाखंड फैल रहा है कि भोलेभाले लोगों को पाखंडी बहला फुसला कर ठग रहे हैं। जब इन भोलेभाले लोगों को ठगे हुए पाते हैं तब इनकी हालात देख कर दिल से रोना आता है कि इन लोगों को कैसे इन ठग लुटेरों से बचाया जाए। स्वामी दयानंद सरस्वती ने इन पाखंडों को लेकर जागरूक किया।

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस को लेकर पीटीआई डीपी का विशेष ट्रेनिंग कैंप आज

**उचाना।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर 18 मई को उचाना खंड के सभी विद्यालयों के पीटीआई एवं डीपी का एक विशेष ट्रेनिंग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उचाना मंडी में सुबह 6 बजे होगा। ये जानकारी बीईओ ओमप्रकाश आर्य ने देते हुए बताया कि जिसमें खंड उचाना के सभी विद्यालयों के पीटीआई एवं डीपी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

### काब्रच्छा स्कूल के प्राचार्य रहे सज्जन राणा ने दी विद्यार्थियों को बेहतर परीक्षा परिणाम के लिए बधाई

**उचाना।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल काब्रच्छा के सेवानिवृत्त होने से पहले प्राचार्य रहे सज्जन राणा ने स्कूल के बेहतर परीक्षा परिणाम को लेकर विद्यार्थियों एवं स्कूल स्टॉफ को बधाई दी। राणा ने बताया कि बताया कि उनके स्कूल के कार्यकाल के दौरान परीक्षाएं हो चुकी थी। 2021 में प्रिंसिपल कार्यरत हुए थे। 2026 में 31 मार्च को वो सेवानिवृत्त काब्रच्छा स्कूल से ही हुए थे। 12वीं कक्षा की विद्यार्थी उज्जवल पुत्र देवी प्रसन्न 495 अंक प्राप्त करके प्रदेश में टॉप टेन में रहा। स्कूल निरंतर इस तरह से तरक्की करें से ही कामना करते है।

### विधायक देवेंद्र अत्री ने पूरी की वाल्मीकि मोहल्ले की मांग : सौरभ

**उचाना।** खरकभूरा गांव के वाल्मीकि मोहल्ले में पीने के पानी की किल्लत से परेशान मोहल्ले के लोगों की परेशानी दूर होगी। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री द्वारा पीने का पानी पर्याप्त मात्रा में पहुंचे इसको अपने निजी कोष से ट्यूबवेल लगाने के लिए राशि दी। युवा भाजपा नेता सौरभ अत्री ने बताया कि करीब डेढ़ किलो मीटर दूरी पर ट्यूबवेल का कार्य शुरू हो गया है। यहां से पानी वाल्मीकि मोहल्ले तक पाइप लाइन से पहुंचाया जाएगा ताकि पर्याप्त मात्रा में पीने का पानी पहुंचे। विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री ने वाल्मीकि मोहल्ले के लोगों से किए वायदे को पूरा करने का काम किया है। गर्मी का मौसम शुरू हो चुका है। ऐसे में पानी की किल्लत न हो इसको लेकर ट्यूबवेल लगाने का कार्य तेजी से चल रहा है। निरंतर धरातल पर कार्य विधायक कर रहे है जिससे आमजन को फायदा हो रहा है। विधायक की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है।

### 491 अंक प्राप्त कर राशि ने पाया पहला स्थान



**उचाना।** घोघड़िया गांव के डीएन मॉडल स्कूल का 10वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। स्कूल डायरेक्टर राजेश मौण ने बताया कि परीक्षा परिणाम शतप्रतिशत रहा। प्रदेश में टॉप-10 स्कूलों में लगातार पोजीशन स्कूल प्राप्त कर रहा है। 6 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत, 10 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 27 विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में नाम दर्ज करवाया। राशि पुत्री देवेंद्र कोथ कलां ने 491 अंक प्राप्त कर स्कूल में प्रथम, मुस्कान पुत्र किताब सिंह घोघड़िया ने 488 अंक प्राप्त कर द्वितीय एवं आर्यन पुत्र मिया सिंह घोघड़िया ने 484 अंक प्राप्त करके स्कूल में तृतीय स्थान प्राप्त किया। होनहार विद्यार्थियों, स्कूल स्टॉफ पर गर्व है जो निरंतर अपनी मेहनत के दम पर स्कूल, माता-पिता, क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे है।



### आठवें स्थान पर आने पर गरिमा सम्मानित

**नरवाना।** भारत विकास परिषद केशव शाखा नरवाना द्वारा हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा 10वीं कक्षा का परिणाम घोषित किए जाने पर गरिमा पुत्री अर्जुन गोयल को सम्मानित किया गया। संस्था प्रधान प्रदीप गर्ग ने बताया कि गरिमा भारत विकास परिषद केशव शाखा के वरिष्ठ सदस्य अर्जुन गोयल प्रधान अग्रवाल वैश्य समाज शाखा नरवाना की बेटी है। गरिमा ने अपनी कड़ी मेहनत व लग्न से हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड में 10वीं कक्षा के परिणाम में 500 में से 492 अंक प्राप्त करके आठवां स्थान प्राप्त किया है। यह शाखा के लिए बड़े गौरव का क्षण है। क्योंकि हमारा उद्देश्य शिक्षा और संस्कार हम देने में सफल रहे हैं।

खबर संक्षेप

## चोरों ने हजारों की नकदी और सामान चुराया

**कैथल।** शहर की छोटी मंडी स्थित एक पंसारी की दुकान में चोरों ने शटर तोड़कर 40 हजार नकदी और सामान चोरी कर लिया। सिटी थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में जीटीबी कॉलोनी निवासी अमन गोयल ने बताया कि भगत सिंह चौक के पास छोटी मंडी में उनकी कली राम पंसारी के नाम से दुकान है। वह रोजाना की तरह 15 मई की रात करीब 10 बजे दुकान बंद कर घर चले गए थे। अगली सुबह 16 मई को करीब 9 बजे जब वह दुकान पर पहुंचे तो सामान बिखरा पड़ा मिला। जांच करने पर पता चला कि दुकान के ऊपर का शटर तोड़कर चोर अंदर घुसे थे। दुकान का गल्ला खुला हुआ था, जिसमें रखे करीब 40 हजार रुपए गायब मिले। चोर करीब 7 से 8 हजार रुपए का सामान भी चोरी कर ले गए। जांच अधिकारी एसआई जसबीर सिंह ने बताया कि अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### गलियों में जमी गंदगी बनी लोगों का सिरदर्द, बदबू और बीमारियों का बढ़ा खतरा

# किछाना में गंदे पानी निकासी की उचित व्यवस्था नहीं होने से ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजौंद


राजौंद। पानी निकासी न होने के कारण गांव की किछाना के लोग रोष जताते हुए।

क्षेत्र के गांव किछाना में गंदे पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गली में जमा गंदा पानी लंबे समय से लोगों के लिए सिरदर्द बना हुआ है, जिससे आवागमन भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात या घरेलू पानी के जमा होने के बाद यह लंबे समय तक यूं ही भरा रहता है, जिससे बदबू और बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाता है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को इस रास्ते से गुजरने में खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन और संबंधित विभाग को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। लोगों का आरोप है कि बार-बार कहने के बावजूद भी अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। ग्रामीणों ने मौके पर एकत्र होकर अपना विरोध जताया और प्रशासन से जल्द से जल्द पानी निकासी की स्थायी व्यवस्था करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो वे बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से अपील की है कि समस्या की गंभीरता को समझते हुए जल्द उचित कदम उठाए जाएं ताकि लोगों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

### गली में जलभराव से आमजन दुखी



**राजौंद।** नगर के कैथल रोड पर स्थित बीएसएनएल टावर के पास गड्डी मोहल्ला की गली में भरा गंदा पानी स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। गली कच्ची होने और पानी निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण यहां लंबे समय से जलभराव की समस्या बनी हुई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस रास्ते से रोजाना लोगों का आना-जाना रहता है, विशेषकर मंदिर और गोगामेड़ी जाने वाले श्रद्धालु इसी मार्ग का उपयोग करते हैं। लेकिन गली में भरे पानी और कीचड़ के कारण निकलना बेहद मुश्किल और जोखिम भरा हो गया है। कई बार लोग फिसलकर गिर भी चुके हैं।ग्रामीणों ने बताया कि समस्या को लेकर संबंधित अधिकारियों और पंचायत को कई बार अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया है। जलभराव के कारण न केवल आवागमन बाधित हो रहा है, बल्कि गंदगी से बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द गली को पक्का करवाया जाए और पानी निकासी की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि इस समस्या से राहत मिल सके।

## महंगाई पर नियंत्रण पाने में भाजपा के तीनों इंजन फेल : जगमग मटौर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


जगमग मटौर

- भाजपा सरकार पर आप जिला अध्यक्ष जगमग मटौर ने साधा निशाना

आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष जगमग मटौर ने बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ रही महंगाई ने आम जनता का जीना मुश्किल कर दिया है। रसोई गैस, पेट्रोल-डीजल, खाद्य पदार्थों और रोजमर्रा की जरूरत की वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे मध्यम वर्ग और गरीब परिवार सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं।

जगमग मटौर ने कहा कि भाजपा सरकार महंगाई पर नियंत्रण पाने में पूरी तरह विफल साबित हुई है। चुनावों के दौरान जनता से बड़े-बड़े वादे किए गए थे, लेकिन आज आम आदमी महंगाई और बेरोजगारी की दोहरी मार झेल रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार जनता की समस्याओं से दूर होकर केवल प्रचार में व्यस्त है। उन्होंने कहा कि लगातार बढ़ती बिजली दरें, स्कूल फीस, स्वास्थ्य सेवाओं का खर्च और दैनिक उपयोग की वस्तुओं की कीमतों ने लोगों का घरेलू बजट बिगाड़ दिया है। किसान, मजदूर, कर्मचारी, छोटे दुकानदार और युवा वर्ग सभी परेशान हैं। आप जिला अध्यक्ष ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा जनता के मुद्दों को मजबूती से उठाती रही है और आगे भी लोगों की आवाज बनकर संघर्ष जारी रखेगी। उन्होंने सरकार से महंगाई पर तुरंत नियंत्रण करने, पेट्रोल-डीजल व गैस सिलेंडर के दाम कम करने तथा आम जनता को राहत देने की मांग की। जगमग मटौर ने कहा कि यदि सरकार ने जल्द प्रभावी कदम नहीं उठाए तो आम आदमी पार्टी सड़कों पर उतरकर जनता के हित में आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी।

## कन्या महाविद्यालय में नए सत्र के लिए 60 आवेदन हो चुके हैं प्राप्त : सिंगला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पुण्डरी


प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला।

ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय फतेहपुर-पूंडरी में नए शैक्षणिक सत्र के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। महाविद्यालय प्रशासन द्वारा छात्राओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं व्यवस्थित बनाया गया है, ताकि अधिक से अधिक छात्राएं उच्च शिक्षा से जुड़ सकें। प्राचार्या डॉ. शकुंतला सिंगला ने बताया कि छात्राओं के लिए ऑनलाइन पंजीकरण प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, जो 31 मई तक जारी रहेगी। उन्होंने बताया कि अब तक महाविद्यालय में लगभग 60 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं, जिससे छात्राओं में प्रवेश को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। छात्राओं को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए महाविद्यालय परिसर में भी रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है, जहां स्टाफ सदस्य छात्राओं का मार्गदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर बीए, बीकॉम, बीसीए तथा बीएससी जैसे कोर्स संचालित किए जा रहे हैं। वहीं स्नातकोत्तर स्तर पर एमए, एमकॉम तथा पीजीडीसीए की पढ़ाई भी करवाई जा रही है। इसके अलावा छात्राओं के कौशल विकास एवं रोजगारपरक शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ड्रेस डिजाइनिंग और टूरिज्म जैसे एड-ऑन कोर्स भी उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में उच्च शिक्षा के साथ-साथ तकनीकी एवं व्यावसायिक ज्ञान भी बेहद जरूरी हो गया है। महाविद्यालय का उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के साथ आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनाना है, ताकि वे भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि छात्राएं हरियाणा उच्च शिक्षा विभाग के ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। आवेदन के समय परिवार पहचान पत्र, आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक, 10वीं एवं 12वीं की डीएमसी, चरित्र प्रमाण पत्र तथा माइग्रेशन जैसे आवश्यक दस्तावेज साथ रखने होंगे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ छात्राओं के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

## 21 से 23 अगस्त तक होगी विशेष लोक अदालत, न्याय व्यवस्था होगी सुलभ

### सर्वोच्च न्यायालय की पहल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल

- इस लोक अदालत में लंबित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर स्थायी निपटारा किया जाएगा

सर्वोच्च न्यायालय की पहल समाधान समारोह 2026 के अंतर्गत 21, 22 और 23 अगस्त 2026 को विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस लोक अदालत में लंबित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर स्थायी निपटारा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव कंवल कुमार ने बताया कि यह अभियान सुप्रीम कोर्ट आदेशानुसार संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम की शुरुआत 21 अप्रैल 2026 से हो चुकी है और इसका समापन अगस्त माह में आयोजित विशेष लोक अदालत के साथ होगा।

उन्होंने बताया कि इस पहल का उद्देश्य न्याय व्यवस्था को सरल, सुलभ और त्वरित बनाना है। लोक अदालत में मामलों का निपटारा आपसी सहमति से किया जाएगा, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी और पक्षकारों को त्वरित न्याय मिल सकेगा। सर्वोच्च न्यायालय ने अधिवक्ताओं, वादियों तथा अन्य हितधारकों से इसमें सक्रिय भागीदारी करने की अपील की है, ताकि अधिक से अधिक मामलों का सौहार्दपूर्ण समाधान हो सके। सीजेएम कंवल कुमार ने बताया कि विशेष लोक अदालत में शामिल होने के इच्छुक व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, कैथल के फ्रंट ऑफिस से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा आवेदन गूगल लिंक के माध्यम से किया जा सकता है, जिसके फॉर्म सर्वोच्च न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

## एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ ने अवैध देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


कैथल। अवैध असले सहित काबू किया गया आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

अवैध असला अमुनेशन रखने वाले अपराधियों की धरपकड़ के लिए एसपी मनप्रीत सिंह सूदन के आदेशानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा एक आरोपी को 315 बोर के एक अवैध देसी कट्टे सहित काबू कर लिया गया।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई मुकेश कुमार की अगुवाई में एएसआई अशोक कुमार की टीम गश्त दौरान सीवन नाका पर मौजूद थी। जहां पर पुलिस टीम को सहयोगी सुत्रो से गुप्त जानकारी मिली की एक नौजवान लड़का अपने पास अवैध असला लिए हुए किसी के इंतजार में जाट धर्मशाला कैथल के पास खड़ा है। जिसको उक्त स्थान पर दबिश देकर अवैध असले सहित काबु किया जा सकता है।

पुलिस टीम द्वारा मुस्तैदी का परिचय देते हुए जाट धर्मशाला कैथल पर दबिश दी गई जहां एक नौजवान लड़का पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। जिसको पुलिस टीम द्वारा मौके पर ही काबू कर लिया गया। संदिग्ध लड़के की पहचान सुंदरन मोहल्ला कैथल निवासी विशाल कुमार की रूप में हुई। जांच दौरान आरोपी के कब्जे से 315 बोर का एक अवैध देशी कट्टा बरामद हुआ। आरोपी के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज करके आरोपी को एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ से मौके पर पहुंचे एएसआई शीशपाल द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी को अदालत के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



राजौंद। महाराणा प्रताप जयंती में शामिल होने के लिए रवाना होते हुए लोग।

## महाराणा प्रताप जयंती में भाग लेने राजौंद से शहजादपुर के लिए रवाना हुआ काफिला

**राजौंद।** रविवार को शहजादपुर (जिला अंबाला) में आयोजित 'वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती' कार्यक्रम में शामिल होने के लिए राजौंद अनाज मंडी से भारी संख्या में लोगों का काफिला रवाना हुआ। इस दौरान क्षेत्र में उत्साह का माहौल देखने को मिला और लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। समाज के लोगों ने बताया कि इस गौरवमयी आयोजन में मुख्य मंत्री मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमें महाराणा प्रताप के आदर्शों से प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका जीवन त्याग, वीरता और स्वाभिमान का प्रतीक है, जो आज भी युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बना हुआ है। इस अवसर पर क्षेत्र के कई प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु कार्यक्रम में भाग लेने के लिए रवाना हुए। लोगों ने उत्साहपूर्वक महाराणा प्रताप के जयकारे लगाए और कार्यक्रम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की।

## बोर्ड परीक्षाओं में अव्वल विद्यार्थियों का भव्य सम्मान सरकारी स्कूल सिसला- सिसमौर ने रचा इतिहास

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल



कैथल। सिसला सिसमौर स्कूल में अव्वल रहे विद्यार्थी।

राजकीय वरिष्ठ मध्यमिक विद्यालय सिसला-सिसमौर में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में स्कूल प्रबंधन व एसएमसी सदस्यों द्वारा विद्यार्थियों का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। बोर्ड परीक्षा में कक्षा बारहवीं से कुल 55 विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कक्षा बारहवीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा। छात्रा नेहा व मंजू दोनों ने 94% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान हासिल किया, छात्रा सीनू ने 93% अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान और छात्रा रितु ने 92% अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया। कक्षा बारहवीं में कुल 22 विद्यार्थी मेरिट में स्थान बनाने में सफल रहे। इसी तरह कक्षा दसवीं में 59 विद्यार्थी उपस्थित रहे। कक्षा दसवीं का परिणाम भी शत-प्रतिशत रहा। छात्रा महक ने 96% अंक प्राप्त करके प्रथम स्थान हासिल किया, छात्रा आंचल ने 91% अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान और छात्रा खुशी ने 86% अंक प्राप्त करके तीसरा स्थान हासिल किया।

कक्षा दसवीं में कुल 6 विद्यार्थी मेरिट में स्थान बनाने में सफल रहे। इस शानदार उपलब्धि पर पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रधानाचार्य रामफल बेनीवाल जी ने अपने संबोधन में सबसे पहले सभी विद्यार्थियों को उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह शानदार परिणाम पूरे स्टाफ की मेहनत, विद्यार्थियों की लगन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

### छात्रों को किया प्रेरित

उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में मेहनत, अनुशासन, सत्यनिष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बोर्ड परीक्षाओं में विशेष उपलब्धि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को निकट भविष्य में विशेष अवसर पर पुरस्कार देकर सम्मानित करने की घोषणा की। विद्यालय की ओर से दोनों कक्षाओं के सभी विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। कई विद्यार्थियों ने अपने-अपने विषयों में 100 अंकों में से 100 अंक हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। गांव के लोगों ने विद्यालय के शानदार परीक्षा परिणाम पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि अब वह अपने बच्चों का दाखिला सरकारी स्कूलों में करवाने के लिए और अधिक प्रेरित होंगे। ग्रामीणों ने कहा कि सरकारी विद्यालय आज निजी विद्यालयों को भी कड़ी टक्कर दे रहे हैं।


राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए लोग व मंच पर मौजूद मुख्य अतिथि कमलेश ढांडा।

## बाबा साहेब आंबेडकर केवल एक वर्ग नहीं ,बल्कि पूरी मानवता के थे मसीहा : कमलेश ढ़ाडा

**राजौंद।** शहर के जींद रोड पर स्थित शहनाई गार्डन में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में योगामृत सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने शिरकत की, जबकि मुख्य प्रवचनकर्ता के रूप में रत्न रावण ने शामिल हुए। पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा ने कहा कि बाबा साहेब केवल एक वर्ग के नहीं, बल्कि पूरी मानवता के मसीहा थे। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के इस मूलमंत्र को हमें अपने जीवन का आधार बनाना होगा। शिक्षा के बिना किसी भी सभ्य समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। इस दौरान रत्न रावण ने कहा कि आज के दौर में यदि हमें एक मजबूत और संगठित समाज का निर्माण करना है, तो हमें डॉ. अंबेडकर के दिखाए रास्तों और उनके सिद्धांतों पर चलना होगा। समाज से रूढ़िवादिता और भेदभाव को मिटाकर भाईचारा कायम करना जरूरी है। बाबा साहेब के 'शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो' के संदेश को हर घर तक पहुंचाना है। कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री कमलेश ढांडा और रत्न रावण का सम्मान किया गया। इस दौरान डीएसपी सुशील कुमार, प्राचार्य कौशल्या देवी, राजेश वैद, रविन्द्र धीमान, वीरेंद्र सहारण, नरेश कुमार,अरूण कुमार,कर्ण, संजीव, किरणपाल सहित क्षेत्र के कई गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और भारी संख्या में महिलाएं व युवा मौजूद रहे।

## गीता सत्संग में उमड़ेगी श्रद्धा की सरिता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पुण्डरी



पुंडरी। सत्संग के बारे में जानकारी देते समिति सदस्य।

कृष्ण कृपा कथा आयोजन समिति पूंडरी एवं भारत विकास परिषद शाखा पूंडरी के तत्वावधान में 22 से 24 मई तक पुरानी अनाज मंडी पूंडरी में दिव्य गीता सत्संग का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन में गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज श्रद्धालुओं को श्रीमद्भगवद्गीता के अमृतमयी प्रवचनों से आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करेंगे।

सत्संग से पूर्व 22 मई को राम मंदिर काला कुंड से पुरानी अनाज मंडी स्थित सत्संग स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, महिलाएं एवं युवा भाग लेंगे। आयोजन समिति द्वारा कलश यात्रा को लेकर व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। धार्मिक भजनों और जयकारों के बीच निकलने वाली यह यात्रा क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण का संचार करेगी। भारत विकास परिषद शाखा अध्यक्ष विनोद बंसल एवं समिति सदस्य अमित टाया ने बताया कि सत्संग प्रतिदिन सांय 5 बजे से 6 बजे तक आयोजित होगा।

उन्होंने कहा कि गीता सत्संग का उद्देश्य समाज में धार्मिक, नैतिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को मजबूत करना है। प्रतिदिन सत्संग के उपरांत श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्वामी ज्ञानानंद महाराज अपने प्रवचनों में मानव जीवन में गीता के महत्व, कर्मयोग, भक्ति एवं आत्मशांति का संदेश देंगे। सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं को धर्म, सेवा और सदाचार के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलेगी। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सत्संग का लाभ उठाने की अपील की है। इस अवसर पर समिति सदस्य सुनील गर्ग, संदीप गर्ग, शाखा सचिव रविकांत गर्ग एवं संदीप गोयल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**प्रदर्शन** पिछले लगभग 1 वर्ष से मोदी सरकार ने हमारे गांव में मनरेगा के तहत नहीं दिया काम

# मनरेगा को डकारकर गरीबों के पेट पर लात मार रही केंद्र सरकार : विमला

कोई काम धंधा न होने से मजदूरों के हालात इतने बिगड़े हुए हैं कि बच्चों का पेट भरना भी हुआ बस से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कैथल


कैथल। गांव खनोदा में नारेबाजी करते मजदूर। फोटो : हरिभूमि

गांव खनोदा में मनरेगा मजदूरों की बैठक का आयोजन किया गया। सभा में मजदूरों का गुस्सा फूट गया तथा मोदी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। मजदूर डकारी देवी, विमला देवी, कृष्णा देवी, मीना,परमजीत, रेखा, सोनिया, बाला,किताबो, प्रवीण,राकेश, अमृत,आदि ने बताया पिछले लगभग 1 वर्ष से मोदी सरकार ने हमारे गांव में मनरेगा के तहत काम नहीं दिया मनरेगा मजदूरों के पास न तो खेत की जमीन है न अन्य कोई काम धंधा है और न ही गांव के आसपास कोई छोटी-मोटी फैक्ट्री या कारखाना है। कोई काम धंधा न होने से मजदूरों के हालात इतने बिगड़े हुए हैं की बच्चों का पेट भरना भी बस से बाहर हो गया है। सरकार को चाहिए था मनरेगा के दिन और दिहाड़ी बढ़ाई जाए ताकि गरीब परिवारों का गुजारा चलता रहे। लेकिन मोदी सरकार ने ऐसा ना करके मनरेगा को खत्म कर वी बी जी राम जी लाकर मनरेगा के तमाम अधिकार समाप्त कर मजदूरों के प्रति अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दिया है। इसे मजदूर भलि भांति पहचान चुके है और सरकार से मांग करते है की वी वी राम जी को रद्द करें मनरेगा को बहाल करें और दैनिक मजदूरी 700 रुपए 200 दिन का काम दिया जाए। अगर सरकार अपनी हट पर ऐसे ही एड़ी रहती है मजदूरों के प्रति अपनी मानसिकता ठीक नहीं करती है तो आने वाले समय में गांव खनोदा के मजदूर आंदोलन पर उतरेंगे और सरकार को मजदूर विरोधी करतूतो से पीछे हटने के लिए मजबूर करेंगे।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने लाखों की नकदी और जेवरात चुराए

**कैथल।** कैथल के गांव बंदराना से चोर हजारों रुपए के सोने में चांदी के जेवरात तथा लाखों रुपए की नकदी चुरा कर ले गए। गांव बंदराना के इसम सिंह ने ढांड थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 15 मई को चोर उनके घर में घुसकर वहां पर रखी डेढ़ लाख रुपए की नकदी तथा सोने व चांदी के जेवरात चुरा कर ले गए। मामले के जांच अधिकारी सहायक उप निरीक्षक सिकंदर ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### 31 तक करवा सकेंगे दाखिले के लिए आवेदन

**उचाना।** राजीव गांधी महाविद्यालय उचाना में बीए, बीकॉम, बीएससी (लाइफ साइंस एवं फिजिकल साइंस) के प्रथम वर्ष के लिए दाखिले प्रारंभ हो चुके है। कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. राजेश श्योकंद ने बताया कि दाखिला लेने हेतु ऑनलाइन पोर्टल 7 मई नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। जो भी 12वीं पास विद्यार्थी महाविद्यालय में दाखिला लेना चाहते है वे 31 मई तक एडमिशन पोर्टल पर आवेदन कर सकते है।

### पशुओं का टीकाकरण करवाना सुनिश्चित करें

**जींद।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग सफीदों के उपमंडल अधिकारी डा. सुरेंद्र आर्य ने कहा कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुओं को मुंह खुर रोग एवं गलघोटू रोग जैसी गंभीर एवं संक्रमित बीमारियों से बचने के उद्देश्य से एक व्यापक पशु टीकाकरण अभियान शुरू हो चुका है। यह पशु सुरक्षा चक्र अभियान 11 जून तक चलेगा। इसके अंतर्गत जिला जींद में सभी पशुओं का टीकाकरण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स एसो. के प्रधान बने वजीर सिंह

**जींद।** राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डिफेंस कॉलोनी में हरियाणा स्कूल एजुकेशन ऑफिसर्स एसोसिएशन की एक जिला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में जिले भर के 55 स्कूल कैडर के प्रिंसिपलों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान निवर्तमान जिला प्रधान बलजीत सिंह गोयत ने यूनियन के कार्य प्रदर्शन और उपलब्धियों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया।

### बादली में बदली नजर आई सद्भाव यात्रा की तस्वीर

**उचाना।** करीब छह महीने से बांगर के नरवाना हलके से प्रदेश भर में सदभाव का संदेश लेकर निकले कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह की सदभाव यात्रा को कई बड़े कांग्रेसी नेता पार्टी की अधिकृत यात्रा नहीं बता रहे थे। बादली में सदभाव यात्रा की तस्वीर बदली नजर आई। यात्रा में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह यात्रा में पहुंचे। यहां पर पूर्व केंद्रीय मंत्री बीरेंद्र सिंह, बृजेंद्र सिंह के साथ पैदल यात्रा में चले तो कई जगहों पर यात्रा को संबोधित भी किया।

### सभा में शिक्षा के उत्थान पर दिया जोर

**ढांड।** बाबू अनन्त राम जनता कॉलेज में आज आम सभा की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता प्रबंधन समिति के प्रधान एवं पूर्व विधायक हल्का पूंडरी तेजवीर सिंह ने की। बैठक में प्रबंधन समिति के पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य एवं आजीवन सदस्य बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

---

कैथल विधानसभा में अंबेडकर नगर और कलायत विधानसभा में ब्राह्मणीवाला गांव में बैठक

## कैथल में बसपा विधानसभा समीक्षा की बैठक, संगठन किया मजबूत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

बहुजन समाज पार्टी जिला कैथल इकाई द्वारा विधानसभा कैथल, कलायत एवं पुंडरी की समीक्षा बैठक का आयोजन कैथल के अंबेडकर नगर एवं कलायत विधानसभा का कार्यक्रम ब्राह्मणीवाला गांव में किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर उपस्थित रहे। वशिष्ठ तिथि के रूप में प्रदेश प्रभारी चौधरी सहीराम एवं महेंद्र सिंह धानिया, अति वशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रदेश महासचिव डॉक्टर मनोज ग्रोवर, लोकसभा प्रभारी पवन शर्मा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शमशेर कश्यप ने शिरकत की। बैठक की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष मुख्तयार सिंह, एवं तरसेम सिंह ने की। इस दौरान सभी विधानसभा क्षेत्रों के बूथ स्तर तक संगठन की स्थिति, सदस्यता अभियान एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई। मुख्य अतिथि प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि बहुजन समाज पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं मान्यवर कांशीराम जी के सिद्धांतों पर चलकर समाज के हर वर्ग को जोड़ने का कार्य कर रही है।



**कैथल।** बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण जमालपुर जनसभा को संबोधित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

*बैठक में जिला कमेटी के सभी पदाधिकारी प्रीतम जांगड़ा, श्यामलाल धीमान, प्रीतम सिंह, रमेश कश्यप विधानसभा कैथल, कलायत एवं पुंडरी के अध्यक्ष मुख्तार सिंह तरसेम सिंह डॉक्टर सुबे सिंह रंगा प्रभारी भारत सिंह छाछीया सीताराम पिल्लनी, बाबा ख्याल साच, ओमप्रकाश पातल्यान, सेक्टर प्रभारी, बूथ अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। अंत में जिला अध्यक्ष विनोद कराड द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।*

## 104 वर्षीया बुजुर्ग महिला शान्ति जी रही हैं स्वस्थ जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजौंद

- सादा जीवन, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच



गांव किछाना की 104 वर्ष की महिला।

आजकल कम उम्र में ही लोग विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं से जूझते नजर आते हैं, वहीं गांव किछाना की 104 वर्षीया बुजुर्ग महिला शान्ति ने अपने स्वस्थ और सक्रिय जीवन से सभी को हैरान कर दिया है। इतनी अधिक आयु होने के बावजूद वह आज भी अच्छी तरह देख सकती हैं, अपने दैनिक कार्य स्वयं करती हैं और बिना किसी सहारे के चल-फिर भी लेती हैं।गांव के लोगों के अनुसार, बुजुर्ग महिला शान्ति का जीवन बेहद सादा और अनुशासित रहा है। उन्होंने हमेशा देसी खान-पान, समय पर भोजन और नियमित दिनचर्या को अपनाया, जो उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य का मुख्य कारण माना जा रहा है। परिवार के सदस्य बताते हैं कि वह आज भी मानसिक रूप से पूरी तरह सजग हैं और घर-परिवार के लोगों के साथ बातचीत कर समय बिताती हैं। ग्रामीणों का कहना है कि आज के युवाओं को उनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि सादा जीवन, संतुलित आहार और सकारात्मक सोच इंसान को लंबी और स्वस्थ जिंदगी दे सकती है। गांव में यह बुजुर्ग महिला सभी के लिए सम्मान और प्रेरणा का केंद्र बनी हुई हैं। लोग अक्सर उनसे मिलने आते हैं और उनका आशीर्वाद लेते हैं। महिला को 100 साल पहले की सभी बातें आज भी यादासत हैं यादासत बिल्कुल भी कमजोर नहीं हुई यह भी एक बहुत बड़ी बात है।

---

पुलिस ने मुठभेड़ के बाद काबू किया था बदमाशों को

## तीन बदमाशों पर जानलेवा हमला करने का मामला दर्ज

*दो बदमाश गोली लगने तथा एक गिरने से हुआ था घायल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

बाड़ा बीड़ वन में हांसी ब्रांच नहर के निकट पुलिस मुठभेड़ मे गोली लगने से घायल हुए तीनों बदमाशो के खिलाफ सदर थाना पुलिस ने जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस बल की निगरानी में तीनों बदमाशों को नागरिक अस्पताल के कैदी वार्ड में शिफ्ट कर दिया है। डिटेक्टिव स्टाफ के एएसआई समरजीत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि गांव रामराये की तरफ हांसी ब्रांच नहर पुल बड़ा बीड में पेड़ के नीचे तीन हथियारबंद बदमाशा शराब पी रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस तीनों बदमाशों को पुलिस ने घेर लिया। बदमाशों ने सरेंडर करने की बजाय फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बच गए। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। जिसमें दो बदमाशों के पांव में गोली लगने से घायल हो गए। जबकि एक धरपकड़ के दौरान घायल हो गया। गोली लगने से घायल बदमाशों की पहचान गांव कलोई निवासी भगता, गांव निडाना निवासी अक्षय तथा गिरने से घायल बदमाश की पहचान गांव करेला निवासी अंकित के रूप में हुई। तीनों घायल बदमाशों को नागरिक अस्पताल में पुलिस सुरक्षा के बीच भर्ती करवाया गया है। तीनों पर अपराधिक मामले दर्ज हैं।

**बदमाशों ने सरेंडर करने की बजाय फायरिंग शुरू कर दी। जिसमें पुलिसकर्मी बाल-बाल बचा।**

**तीनों बदमाश अस्पताल में भर्ती**

सदर थाना पुलिस ने समरजीत की शिकायत पर तीनों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। सदर थाना के जांच अधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि तीनों बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। तीनों अस्पताल में भर्ती है। डिस्चार्ज के बाद पूछताछ की जाएगी।



**कैथल।** साइबर ठगी के आरोपी पुलिस गिरफ्त में। फोटो: हरिभूमि

### 89 लाख 13 हजार की ट्रेडिंग ठगी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** थाना साइबर क्राइम में टीम इंचार्ज एएसआई मनीष कुमार की टीम द्वारा करोड़ों रुपये की ऑनलाइन ट्रेडिंग ठगी मामले में कालका जिला पंचकूला निवासी अमित खेड़ा, गांव ओरियन जिला पंचकूला निवासी हरनेक सिंह तथा कालिंदी कॉलोनी जिला यमुनानगर निवासी रमेश दत्ता को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि मॉडल टाउन कैथल निवासी सुधीर शर्मा की शिकायत अनुसार उसकी अनाज मंडी कैथल में आढ़त की दुकान है। दिसंबर 2024 में उसकी मुलाकात अजय शर्मा नामक व्यक्ति से हुई, जिसने उसे बीएफएक्स ट्रेडिंग स्कीम नामक कंपनी में निवेश करने के लिए प्रेरित किया। जिसने स्वयं को कंपनी का टीम लीडर बताते हुए मोटे मुनाफे का लालच दिया और कहा कि कंपनी में निवेश करने पर 6 से 10 प्रतिशत मासिक लाभ मिलेगा तथा जरूरत पड़ने पर मूल राशि भी वापस कर दी जाएगी। उसको कंपनी की प्रेजेंटेशन, मोबाइल एप और सेमिनारों के माध्यम से विश्वास में लिया। इसके बाद उसे व उसके परिचितों को कालका, यमुनानगर, पिंजौर व अन्य स्थानों पर आयोजित सेमिनारों में ले जाया गया, जहां विदेशी टूर, भारी कमीशन और बड़े मुनाफे का लालच देकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। योजनाबद्ध तरीके से उससे अलग-अलग तिथियों में कुल 89 लाख 13 हजार रुपये की राशि प्राप्त की। नकद राशि लेने के अलावा विभिन्न बैंक खातों और ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से भी पैसे ट्रांसफर करवाए गए। शुरुआती दौर में विश्वास बनाए रखने के लिए आरोपियों उसको ढाई लाख रुपये नकद मुनाफे के रूप में भी दिए। अपनी राशि वापस मांगी तो आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे। दिसंबर 2025 में कालका स्थित एक होटल में आयोजित बैठक में आरोपियों ने साफ कहा कि निवेश की गई राशि केवल हर महीने दो प्रतिशत किस्तों में ही लौटाई जाएगी। उसके द्वारा विरोध करने पर आरोपियों ने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया।



**कैथल।** अव्वल रहे गोल्डन स्कूल के विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## गोल्डन स्कूल नौच में पलक प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

गोल्डन स्कूल नौच में 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। पलक पुत्री रामनिवास ने 95.6 प्रतिशत अंक लेकर कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया और मनप्रीत पुत्री रोहित तनु पुत्री रघुवीर सिमरन पुत्री जलदेव और सुखदेव पुत्र रामभज ने भी मेरिट स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य जसविंदर सिंह व प्रबंधक कर्म सिंह ने पलक को 1100 की राशि प्रदान की और अन्य सभी बच्चों को भी बधाई दी। स्कूल के उपप्रधानाचार्य नवीन राजराणा व अन्य स्टाफ सदस्य विक्रम सिंह, प्रवीन कुमार, दीपक, राजेश, पायल शर्मा सोनिया देवी,मन्नु, पूनम, गीता व वीरों आदि मौजूद रहे।

## सिग्नस अस्पताल कैथल में आधे घंटे में सफल ऑपरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

कैथल के सिग्नस अस्तपाल में गैस्ट्रो एवं लिवर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजप्रीत बराड़ ने एक जटिल मामले में आधे घंटे के भीतर सफल ऑपरेशन कर मरीज को बड़ी राहत दी। मरीज की पित्ते की नली में पथरी फंसी हुई थी, जिसके कारण उसे लगातार दर्द और परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जानकारी के अनुसार मरीज इलाज के लिए कई अस्पतालों के चक्कर काट चुका था, लेकिन उसे कहीं राहत नहीं मिली। लगातार तकलीफ बढ़ने के बाद मरीज कैथल के सिग्नस हॉस्पिटल पहुंचा, जहां गैस्ट्रो डॉक्टर डॉ. राजप्रीत बराड़ की टीम ने जांच के बाद तुरंत ऑपरेशन करने का फैसला लिया। डॉ. राजप्रीत बराड़ ने आधुनिक तकनीक की मदद से करीब आधे घंटे में सफल प्रक्रिया पूरी कर मरीज की पित्ते की नली में फंसी पथरी को बाहर निकाल दिया। ऑपरेशन के बाद मरीज को दर्द से राहत मिली और उसकी हालत में तेजी से सुधार देखा गया। मरीज और उसके परिजनों ने सफल इलाज के बाद सिग्नस हॉस्पिटल और डॉक्टरों की टीम का आभार जताया।

**लापरवाही न बरतें**



डॉक्टर राजप्रीत बराड़ ने बताया कि समय पर सही इलाज मिलने से मरीज को बड़ी समस्या से बचाया जा सका। उन्होंने कहा कि पित्ते की नली, पाचन तंत्र और लीवर से जुड़ी समस्याओं को नजर अंदाज नहीं करना चाहिए समय रहते डॉक्टर से जांच करवानी चाहिए।

---

## विधायक के निवास पर पहुंचे भाजपा प्रदेशाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उचाना

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के निवास पर पहुंचे। यहां पहुंचने पर उनका स्वागत विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री, मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा द्वारा किया गया। परिवार के सदस्यों के साथ मुलाकात की। मोहन लाल बड़ोली ने कहा कि नगर निकाय चुनाव के परिणाम भाजपा के विकास के साथ-साथ मतदाताओं का भाजपा पर विश्वास की जीत है। कांग्रेस का इस चुनाव में सूपड़ा साफ करने का काम मतदाताओं ने किया है। मतदाता अब किसी के बहकावे में नहीं आएंगे। बड़ोली ने पीएम नरेंद्र मोदी के ईधन बचाने के आह्वान पर कहा कि हर किसी को चाहिए कि वो पेट्रोल, डीजल की गाडिय़ों का प्रयोग न कर इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग करें। सीएम के काफिले की गाडिय़ों को कम किया गया है। हर किसी को चाहिए कि वो इलेक्ट्रिक वाहनों का प्रयोग करने साथ पब्लिक ट्रांसपोर्ट बस, ट्रेनों से सफर करें।



**उचाना।** विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के निवास पर पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ोली। फोटो: हरिभूमि

### जनगणना कार्य में तेजी लाएं संबधित अधिकारी व कर्मचारी:

**कैथल।** एसडीएम संजय कुमार ने अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि जनगणना 2027 के तहत चल रहे हाउस लिस्टिंग ब्लॉक कार्य को तेजी से पूरा किया जाए। जनगणना भारत सरकार का अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उन्होंने जनप्रतिनिधियों, आरडब्ल्यूए के सदस्यों तथा आमजन से भी इस राष्ट्रीय कार्य में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रगणकों द्वारा किसी प्रकार का ओटीपी या दस्तावेज नहीं मांगे जाएंगे। लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम संजय कुमार ने जनगणना कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।

## सर्वोदय हाई स्कूल सिंसर का परीक्षा परिणाम रहा शानदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

नरवाना उपमडल के गांव सिंसर के सर्वोदय हाई स्कूल का भिवानी बोर्ड द्वारा जारी किए गए दसवीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है। खास बात यह है कि सर्वोदय स्कूल में निशुल्क शिक्षा छात्रों को दी जाती है। जरूरतमंद छात्रों को किताब व कापियां व अन्य सामग्री भर निशुल्क दी जाती है। स्कूल का शत प्रतिशत परिणाम रहने पर छात्रों, स्कूल स्टाफ तथा छात्रों में खुशी का माहौल है। स्कूल प्रबंधन समिति जल्द ही मेरिट में स्थान बनाने वाले बच्चों को कार्यक्रम आयोजित कर सम्मानित करेगी। स्कूल के निदेशक नितिन शर्मा मे बताया कि उनकी संस्था ने जरूरतमंद को निशुल्क शिक्षा दिलाने का सपना देखा था ताकि आर्थिक अभाव में कोई बच्चा पढ़ाई से न छुट जाए। बच्चा छह घंटे स्कूल में पढाई करता है। फिर भी कंपीटशन या अच्छे परिणाम नही दे पाता। टयूशन तथा कोचिंग की तरफ भागता है। उनकी सोच है कि छात्रों को छह घंटे के दौरान ऐसा पढाया जाए ताकि बच्चे को टयूशन तथा कोंचिग की तरफ ने जाना पड़े। उन्होंने अच्छा स्कूल स्टाफ रखा।



**जींद।** प्रतिभावान छात्र नितिन शर्मा के साथ। फोटो: हरिभूमि

---

## पूंडरी हलके में करोड़ों के विकास कार्यों का उद्घाटन करेंगे विधायक जांबा

**पुण्डरी।** विधायक के निजी सचिव डॉ. बलविंद्र मैहला ने जानकारी देते हुए बताया कि 18 मई को पूंडरी हलके में विधायक सतपाल जांबा द्वारा करोड़ों रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जाएगा। इन विकास कार्यों के माध्यम से ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में सडक़, गली, पार्क, चौपाल, ट्यूबवेल एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं को मजबूती मिलेगी, जिससे क्षेत्रवासियों को सीधा लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने बताया कि विधायक सतपाल जांबा लगातार हलके के विकास को प्राथमिकता देते हुए गांव-गांव एवं वार्ड-वार्ड में विकास कार्य करवाने में जुटे हुए हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने दादा खेड़ा में मथा टेका

## ग्रामीण विकास और शिक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : कृष्ण बेदी

ग्रामीण क्षेत्रों तक शिक्षा संसाधनों का विस्तार किया जा रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरवाना

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि शिक्षा, सुरक्षा और विकास राज्य सरकार का मुख्य विजन है और इसी फोक्स पर निरंतर काम किया जा रहा है। शिक्षा के संसाधनों का विस्तार ग्रामीण आंचल तक किया जा रहा है साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों को विकास की मुख्य धारा से जोडऩे के लिए आधारभूत ढांचा की मजबूती को प्राथमिकता दी जा रही है। सुरक्षा के माहौल में प्रदेश के प्रत्येक नागरिक की तरक्की सुनिश्चित हो, इसके लिए सरकार कटिबद्ध है।



**नरवाना।** ग्रामीणों को संबोधित करते हुए मंत्री कृष्ण बेदी। फोटो: हरिभूमि

**भंडारे में भी की शिरकत**

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी रविवार को विधानसभा क्षेत्र के गांव हरनामपुरा में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कैबिनेट मंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि गांव, गरीब और किसान का विकास सरकार के सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शुमार है। कैबिनेट मंत्री ने दादा खेड़ा पर लगाए गए विशाल भंडारा में भी शिरकत की और गांव की मंगलकामना के लिए दादा खेड़ा में माथा टेका। ग्रामीणों द्वारा पगड़ी, पुष्प गुच्छ व फूलमालाओं के साथ कैबिनेट मंत्री का स्वागत किया। इस अवसर पर सरपंच सतीश नैन, दिलबाग नैन, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र प्रजापति, नरेश रसीदां, विनय मित्तल, सुरेश दनौदा, कैबिनेट मंत्री के निजी सहायक मनोज कुमार, मीडिया प्रभारी संजय बल्हारा, जसवीर नैन व भारी संख्या में ग्रामीण महिलाएं व पुरुष मौजूद रहे।

### मांगें नहीं मानी तो 28 मई को स्वास्थ्यमंत्री आवास का घेराव करेंगी आशा वर्कर्स

**जींद।** आशा वर्कर्स यूनियन हरियाणा संबंधित सीटू जिला जींद के सचिवमंडल की बैठक जिला प्रधान नीलम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से आशा वर्करों की लंबित मांगों और आगामी आंदोलन की रूपरेखा को लेकर गंभीर चर्चा की गई। इस बैठक में जिला सचिव राजबाला व कोषाध्यक्ष जगवंती मुख्य रूप से मौजूद रहे। जिला प्रधान नीलम और जिला सचिव राजबाला ने बताया कि आशा वर्करों का गत नौ मई को स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के आवास का घेराव करने का आह्वान किया गया था लेकिन सरकार द्वारा आगामी 26 मई को यूनियन को बातचीत के लिए आमंत्रित किया गया है।